महोदय, मध्य उड़ीसा के एक प्रमुख शहर अनुगुल स्टेशन में प्रतीक्षा-गृह तक का न होना दुर्भाग्य की बात है। बोइंडा स्टेशन में दूसरा प्लेटफार्म बनाया जाना चाहिए। कटक या भुवनेश्वर-संबलपुर रूट मे सभी स्टेशनों का, विशेषकर श्यामाचरणपुर, ढेंकानाल, तालचेर रोड, अनुगुल, बोइंडा, रेढ़ाखोल आदि स्टेशनों के सामूहिक विकास के लिए मै सरकार से पुरजोर मांग करता हूं। नालको नगर में भी एक पैसेंजर हॉल्ट के लिए मैं पुरजोर मांग कर रहा हूं। धन्यवाद।

Demand for making balance payment to sugarcane growers in Uttar Pradesh

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (हरियाणा): उपसभापति महोदय, गन्ना उत्तर प्रदेश के किसान की मुख्य नकदी फसल है। चीनी मिलें किसान से गन्ना केन्द्रीय गन्ना क्रय अधिनियम के अनुसार क्रय करती हैं। इस मंहगाई के युग में दुर्भाग्य की बात यह है कि किसानों का पिछले साल का गन्ना मूल्य भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। किसान भुखमरी के कगार पर हैं। किसानों को उनके बकाया पर ब्याज भी नियमानुसार नहीं मिल पाता, जबकि किसानों पर सरकारी तथा सहकारी बैंकों का जो बकाया धन है, उस पर उनसे ब्याज तथा दण्ड ब्याज वसूला जाता है। किसानों के सामने भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। प्रदेश सरकार अपने दायित्व का निर्वाह करने में अक्षम रही है। स्थिति बदतर होती जा रही है। किसान आन्दोलनरत हैं, गिरफ्तारी दे रहे हैं, परन्तु उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्थिति भयावह हो रही है। प्रदेश सरकार चुप है। अभी तक चीनी मिलों में पैराई सत्र प्रारम्भ नहीं होने से किसान का गन्ना लुट रहा है। अगली फसल की बिजाई नहीं हो रही है।

मैं आपके माध्यम से इस ज्वलंत विषय को सदन एवं सरकार के संज्ञान में लाकर केन्द्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों को न्याय प्रदान कराने, बकाया, भुगतान आन्दोलन में जेल गए किसानों की रिहाई कराने के सबंध में कार्यवाही किए जाने की मांग करता हूं।

Demand for approval of allotment of coal blocks to Maharashtra State Mining Corporation

SHRIMATI SUPRIYA SULE (Maharashtra): Sir, the Maharashtra Government had submitted a request to the Government of India for allotment of coal blocks to Maharashtra State Mining Corporation on 22nd August, 2002, to make up the wide gap between the demand and supply of electricity and coal. The proposal is to reserve 27 coal blocks for mining for the Maharashtra State Mining Corporation. The matter was taken up by the Maharashtra Government with the Secretaries of Industry, Energy and Labour Departments, *vide* letter dated 22nd August, 2002, 18th January, 2003, 4th February, 2003, 23rd November, 2004 and 10th January, 2006. In spite of these reminders, the Central Government neither raised any points nor sought any informtion from the Maharashtra Government. However, the Government of India *vide* its letter dated 2nd August, 2005, conveyed 'in principle' approval for working of Marki Zari Jamani, Adkoli Coal Block to MSMC and Gare Palama Sector-II Coal Block to Tamil Nadu State Electricity Board and MSMC jointly.

Sir, the approval for the remaining coal blocks is still awaited. In spite of several reminders from the Maharashtra Government, approval of coal blocks has not been granted so far. Sir, this matter is of great importance because demand and supply of electricity and coal is very much needed in the State of Maharashtra. If these proposals are approved, it will help to great extent the Maharashtra Government. I, therefore, urge upon the Government to kindly approve the remaining coal blocks for Maharashtra at an early date.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch to meet at 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at sixteen minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at thirty minutes past two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN, in the Chair.

Re. Demand for a statement on serial bomb blasts in Uttar Pradesh

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): सर, उत्तर प्रदेश में सीरियल ब्लास्ट हो रहे हैं...(व्यवधान)... एक बजकर पन्द्रह मिनट से एक बजकर छब्बीस मिनट के अंदर तीन सीरियल ब्लास्ट हुए हैं।...(व्यवधान)...

DR. V. MAITREYAN: (Tamil Nadu): Sir, serial bomb blasts took place in Uttar Pradesh. ...(*Interruptions*)...

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार) वहां कई मौतें हुई हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think the Government will collect the information ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): वहां उत्तर प्रदेश में तीन जगह धारावाहिक बम ब्लास्ट की घटनाएं हुई हैं, आपने भी टेलीविजन पर देखा होगा-बनारस, लखनऊ और फैजाबाद। कम से कम सरकार की तरफ से कोई बयान आना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: गृह मंत्री जी को बुलाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI V. NARAYANSAMY: (Puducherry)The hon. Minister wants to say something. (*Interruptions*)...

श्री उपसभापति: अब जिन मंत्री की जिम्मेदारी है, वे बोलेंगे ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: पिछले हफ्ते वहां पर आतंकवादी पकड़े गए थे। उन्होंने कहा था कि हम राहुल गांधी का अपहरण करना चाहते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह आज आया है कि आतंकवादी उनको बारूद की माला पहनाना चाहते थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: वहां एक तरफ सीरियल ब्लास्ट हों और हम यहां पर मूकदर्शक बन कर बैठे रहें। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं-नहीं, देखिए ...(**व्यवधान**)...

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी): सभापति महोदय, माननीय सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में जो बम विस्फोट हो रहे हैं उसकी तरफ सदन के माध्यम से ...(**व्यवधान**)... अभी भी हो रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, माननीय सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में बम विस्फोट का जो उल्लेख किया है वह अत्यन्त दुखदायी और दुर्भाग्यजनक है। इस संबंध में पूरी इंफार्मेशन हासिल करने के बाद सदन को अवगत कराएंगे। मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे इस विषय की पूरी जानकारी सदन को दें।

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, यह गंभीर विषय है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is a very serious matter. The Government will definitely inform the House. *(Interruptions)*.... देखिए, This is a very serious matter. Everybody is concerned; the whole country is concerned. I am sure that the Government will come out with all the details and inform the House. *(Interruptions)*....

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीप्रकाश जायसवाल): माननीय सदन को केवल इतना कह सकता हूं कि तीन जगहों पर बम विस्फोट हुए हैं बनारस, लखनऊ और फैजाबाद। यह तीनों कोर्ट परिसर में हुए हैं। किसने किया है, कितने लोग हताहत हुए हैं तथा लोग हताहत भी हुए हैं, कुछ लोगों की मृत्यु भी हुई है। बाकी जानकारी आने के बाद सदन को बताया जाएगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Supplementary Demands for Grants (Railways) 2007-2008.

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद): सर, मैं नहीं था, तो माननीय सदस्य अहलुवालिया जी ने आरोप लगाया कि मैं यहां नहीं आता हूं। बात ऐसी नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: ठीक है, ठीक है।...(व्यवधान)...

श्री लालू प्रसाद: उपसभापति महोदय, मैं डिमांड्स रखने के लिए लोक सभा में था। यह हमारा अपर हाउस है, गरिमामय हाउस है, इसे देखने के लिए दो एमओएस हमारे यहां उपस्थित थे, दोनों राज्य मंत्री।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: वह आते हैं, आते हैं।...(व्यवधान)...

श्री लालू प्रसाद: कभी-कभी एप्पियर होंगे, बराबर एप्पियर होंगे, तो फिर आप कहेंगे कि नहीं चलेगा।...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: हम 11.00 से 12.00 बजे के लिए कह रहे हैं।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: ठीक है, ठीक है।...(व्यवधान)...

श्री लालू प्रसाद: इसलिए महोदय, ...(व्यवधान)... आप हमारी बात सुन लीजिए। 12.00 बजे हमारा वहां था। ...(व्यवधान)... मैं बहुत पंक्चुअल रहता हूं।

[Shri Shamta Ram Laxman Naik]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Supplementary Demands for Grants (Railways) 2007-2008.

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS) 2007-2008

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI LALU PRASAD): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (Railways) for the year 2007-2008.

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार): मंत्री जी, आप से प्रश्नों के उत्तर सुने हुए बहुत दिन हो गये हैं।...(व्यवधान)...

श्री लालू प्रसाद: अच्छा ठीक है।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: वह उत्तर देंगे।

PRIVATE MEMBER'S BUSINESS (RESOLUTIONS)

Constitution of a committee for recommending amendments to constitution for adding a new chapter on governance of coalition governments

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): Sir, I beg to move the following Resolution:

"Having regard to the facts that—

(i) an era of coalition governments at the national and States has crept in;

(ii) Indian political scenario is not likely to change substantially in this respect in near future;

(iii) there is no mechanism at present which can effectively find solutions to the problems which arise out of coalition form of Government; and

(iv) there is a need to ensure that the nation does not suffer on account of delays, uncertainties under such dispensations;

this House resolves to constitute a Committee for the purpose of recommending amendments to the Constitution by way of adding a new chapter on the governance of coalition